तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 26 मई 2025



13 पवनी में आईपीएल मैच के दौरान सट्टा खेलते ...





12 शिकार की तैयारी में पकड़े गए दो आरोपी,...






# महिला की बेरहमी से हत्या, दो पड़ोसी गिरफ्तार, अंधविश्वास बना जानलेवा कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरोरा

प्रार्थी श्याम यादव ने थाना खरोरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम खरोरा वार्ड क्र0 11 में सपरिवार रहता है। प्रार्थी की बुआ पद्मा यादव वार्ड क्र. 13 खरोरा स्थित अपने घर में अकेली रहती है। दिनांक 25 मई को दोपहर लगभग साढ़े 3 बजे प्रार्थी को सूचना प्राप्त हुई कि उसकी बुआ अपने घर के बाहर मुख्य दरवाजा के पास खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ी हुई है। जिस पर प्रार्थी अपनी बुआ के घर जाकर देखा तो उसकी बुआ पद्मा यादव के सिर, सीना, व हाथ पैर में चोट के निशान थे, कंधे के पास बोल्डर पत्थर खून लगा हुआ पड़ा था तथा थोड़ी दुर में टूटा हुआ डण्डा पड़ा हुआ था। आरोपी द्वारा बोल्डर पत्थर व डण्डा से मारकर पद्मा यादव की हत्या कर दिया गया था, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 324/25 धारा 103(1) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

हत्या की घटना को पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री संजय सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा श्री वीरेन्द्र चतुर्वेदी, थाना प्रभारी खरोरा एवं प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा ▶▶ शेष पेज 13 पर

## डण्डे से मारपीट करने के साथ ही बड़े पत्थर से मृतिका के सिर पर किया वार

### गिरफ्तार आरोपी

- राजू यादव पिता स्व. नेतराम यादव उम्र 28 साल निवासी वार्ड क्रमांक 13 खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर।
- जीवन यादव पिता स्व. नेतराम यादव उम्र 24 साल निवासी वार्ड क्रमांक 13 खरोरा थाना खरोरा जिला रायपुर।



### आरोपियों को शक था

आरोपियों ने बताया कि मृतिका उनके ही जमीन को उनके दादाजी से सस्ते दाम में खरीदकर घर बनाकर अकेली रहती थी। आरोपियों को शक था कि मृतिका पद्मा यादव जादू टोना करती है एवं नींबू मिर्ची फेंकती है। आरोपियों के पत्नियों का गर्भपात भी हुआ था, गर्भपात का कारण आरोपियान मृतिका के जादू टोना को ही मानते थे एवं मृतिका के प्रति द्वेष रखते थे। दिनांक 24 मई को आरोपियों एवं मृतिका का विवाद हुआ और विवाद बढ़ती चली गई, जिस पर आरोपियान आवेश में आकर पास पड़े बांस एवं नीलगिरी पेड़ के डण्डा से पद्मा यादव के साथ मारपीट किये, सिर में डण्डा पड़ने से वह जमीन में गिर गयी तब आरोपियान पास पड़े भारी बोल्डर पत्थर को उसके सिर में पटक दिये जिससे पद्मा यादव की मृत्यु हो गई।

### कार्रवाई में इनकी रही अहम भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक दीपक पासवान थाना प्रभारी खरोरा, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश पाण्डेय, सउनि. गेंदूराम नवरंग, प्र.आर. संतोष वर्मा, आर. प्रकाश नारायण पात्रे एवं संजय मरकाम तथा थाना खरोरा से सउनि. परशु राम साहू, आर. सुरेन्द्र सिंह, मुकेश चौहान, गजानंद ध्रुवंशी एवं मुकेश जांगडे की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

## खबर संक्षेप



### शनिदेव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कल

**पलारी।** 27 मई मँगलवार को पलारी नगर के ऐतिहासिक धरोहर बालसमुंद सिध्देश्वर मंदिर के समीप शनिदेव महराज प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा शुभ मुहूर्त में सुबह साढ़े 10 बजे से विधि विधान से किया जाएगा पश्चात प्रसादी वितरण होगा, 26 मई सोमवार को नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### अर्जुनी में किसान खाद बीज का कर रहे उठाव



**अर्जुनी।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अर्जुनी में अल्पकालीन ऋण किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर नगद खाद बीज ऋण वितरण व खाद वितरण किया जा रहा है जिससे किसान खरीफ फसल की तैयारी में लगे हुए हैं और रासायनिक खाद बीज का उठाव कर रहे हैं ऋण वितरण का कार्य अप्रैल माह से ही आवेदन बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई थी एवं ऋण वितरण का कार्य जारी है सहकारी समिति के अंतर्गत अर्जुनी रवान खैरताल आते हैं जो कृषि ऋण व खाद बीज का उठाव कर रहे हैं समिति में यूरिया 266:50 सुपर फास्फेट 510 डीएपी 1350 पोटाश 1500 मूल्य निर्धारित है मिली जानकारी के अनुसार धान स्वर्णा 99.90 क्विंटल भंडारण हुआ था जिसका वितरण भी किसानों को किया गया है वही महामाया धान का भंडारण अभी तक नहीं हुआ है।

### तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू का स्वागत



पलारी। तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू का बलौदा बाजार आगमन पर साहू समाज द्वारा खरतोरा में भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारी सरकार की महती योजना के अनुरूप हर वर्ग के किसानो को तेल पेरने वाली मशीन विशेष अनुदान पर देने योजना बना रही है। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री सत्यप्रकाश साहू, सयुक्त सचिव नीलेश साहू, तहसील अध्यक्ष रोहित साहू, सचिव जगदीश साहू उपाध्यक्ष बीरेंद्र साहू, दतान परिक्षेत्र अध्यक्ष गनपत साहू, अरुण साहू, प्रीतम साहू,, मनहरण साहू, प्रेम लाल साहू, पूरन लाल साहू, चुरामणी साहू, लीलाधर साहू, राजेंद्र साहू, खोमेश साहू, पप्पू साहू, मनोज साहू, डायमंड साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सहित साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

## अपराध : फर्जी बीमा कंपनियों के नाम पर इंटरनेट बैंकिंग से की गई ठगी

# साइबर ठगों ने सीमेंट कंपनी के कर्मचारी से ठगे 35 लाख, फर्जी बीमा योजनाओं का दिया झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदा बाजार

थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र में एक बड़े साइबर ठगी के मामले का खुलासा हुआ है, जिसमें एक सीमेंट संयंत्र में कार्यरत कर्मचारी परमेश्वर राम डडसेना (52) के साथ 35 लाख 71 हजार 209 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई है। पीड़ित ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपियों डी.सी. चौधरी और शंकर लाल ने भारतीय एक्स, न्यू इंडिया एश्योरेंस, श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस जैसी विभिन्न संस्थाओं के नाम पर पीड़ित से बीमा राशि के नाम पर धोखाधड़ी की। पीड़ित को HDFC, FINO, AXIS और SBI जैसे बैंकों के विभिन्न खातों में पैसे ट्रांसफर करने के लिए प्रेरित किया गया। यह सम्पूर्ण लेन-देन इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से हुआ।

## सुनियोजित साजिशः फर्जी एजेंट, मोबाइल कॉल और बैंक खातों का इस्तेमाल

### सोची-समझी साजिश

आरोपियों ने खुद को बीमा एजेंट या संबंधित संस्था का अधिकारी बताते हुए पीड़ित को मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क किया और विभिन्न बैंक खातों में किश्तों में बड़ी राशि ट्रांसफर कराई। पीड़ित से यह कहा गया कि उसे उसके निवेश का अच्छा रिटर्न एवं बड़ी धन राशि मिलेगी, जो कभी नहीं मिली। अंततः जब उन्हें ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने पुलिस का दरवाजा खटखटाया।




### साइबर फ्रॉड का केस दर्ज, जांच प्रारंभ

बलौदा बाजार पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 34 (साझा साजिश) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से फर्जी नाम, मोबाइल नंबर और बैंक खातों का इस्तेमाल करते हुए यह साइबर अपराध किया है। पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

### पीड़ित की गुहारः न्याय और वापसी की मांग

पीड़ित परमेश्वर राम डडसेना ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि उन्हें उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाई जाए और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। यह मामला डिजिटल धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं की एक और कड़ी है, जिससे आम नागरिकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। पुलिस प्रशासन से अपेक्षा है कि वे जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार कर न्याय दिलाएं।

# मोपर में चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुहेला



जिले के ग्राम मोपर में धारदार चाकू लहराकर राहगीरों को डराने-धमकाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर सक्रिय समाधान सेल की सूचना के आधार पर की गई।

- समाधान सेल की सतर्कता से टला बड़ा खतरा
- तालाब किनारे लोगों को डराता मिला आरोपी

पुलिस को समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत प्राप्त हुई थी कि ग्राम मोपर के बड़े तालाब के पास एक युवक लोगों को चाकू दिखाकर भयभीत कर रहा है। सूचना मिलते ही थाना सुहेला की पुलिस टीम त्वरित रूप से मौके पर पहुंची और आरोपी लक्ष्मण यदू (उम्र 21 वर्ष), निवासी ग्राम मोपर को धारदार लोहे के चाकू सहित गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी से चाकू जब्त करते हुए उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 113/2025 अंतर्गत धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने की अपील

पुलिस विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर पर दें, ताकि अपराधों को समय रहते रोका जा सके।

### समाधान सेल बना आमजनों की सुरक्षा की नई उम्मीद

जिले में नागरिकों की समसयाओं के त्वरित समाधान एवं अपराधों की रोकथाम के लिए समाधान सेल की स्थापना की गई है। हेल्पलाइन के माध्यम से आम नागरिक अपराध की सूचना सीधे पुलिस तक पहुंचा सकते हैं। लगातार मिल रही सफलता इस बात का प्रमाण है कि यह योजना आमजन की सुरक्षा में प्रभावी भूमिका निभा रही है।

# पोसरी गांव में नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

ग्राम पोसरी (रवान) में एक नाबालिग छात्रा के साथ की गई कथित अश्लील हरकतों ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। गांव के ही निवासी मंतराम यादव (उम्र लगभग 45 वर्ष) पर छात्रा से अश्लील इशारे व हरकतें करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता के परिजनों द्वारा मामले की पुष्टि हेतु एक वीडियो रिकॉर्डिंग की गई, जो ग्रामीणों के बीच फैलते ही उग्र आक्रोश में तब्दील हो गई।

- ग्रामीणों ने वीडियो सबूत के साथ आरोपी पर की एफआईआर, देर रात तक मचा रहा हड़कंप



शनिवार देर शाम ग्राम सभा की आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। सभा में आरोपी की कड़ी निंदा की गई और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। स्थिति के नियंत्रण से बाहर होने की आशंका को देखते हुए रात लगभग 11 बजे ग्राम के वरिष्ठजनों ने थाना सिटी कोतवाली में सहायता हेतु कॉल किया, परंतु संसाधनों की कमी के कारण पुलिस टीम रात लगभग 1 बजे गांव पहुंच सकी। तब तक वरिष्ठ नागरिकों ने किसी अप्रिय घटना को टालने में अहम भूमिका निभाई।

गांव में आक्रोश इस कदर था कि यदि समय पर संयम नहीं बरता जाता, तो हालात बिगड़ ▶▶ शेष पेज 13 पर

# 24 हाथियों के दल से अर्जुनी और महराजी में दहशत, ग्रामीण हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

अर्जुनी-महराजी वन परिक्षेत्र में एक सप्ताह से जहां 28 हाथियों का दल विचरण कर रहा है और ग्रामीणों के बीच में भय और दशहत का माहौल बना हुआ है। हाथियों का दल लगातार छाता पहाड़, महकोनी, गिधौरी पठार, महराजी में विचरण किया जा रहा है।

- 28 हाथियों का झुंड लगातार छाता पहाड़, महकोनी और गिधौरी पठार में विचरण

रविवार सुबह हाथियों का दल से भटकर एक हाथी गिरौदपुरी के मुख्य मंदिर, बड़े जैतखाम हेलीपैड, महराजी रोड पर पहुंच गये थे। जहां उसे देखकर लोगों में अफरातफरी मच गई और लोगों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद हाथी मित्र और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दी।

वहीं हाथी लगातार किसानों की फसल को रौंदते हुए उन्हें नुकसान पहुंचा रहे है। हाथियों का दल ग्राम मानाकोनी में सुबह 4बजे प्रातः पहुंचे हुए थे और वापस महकोनी गिंदोला तरफ रूख किया गया है वन विभाग द्वारा लगातार जंगल की सर्चिंग किया जा रहा है और हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी हुई है।

## वन विभाग ने ग्रामीणों को दी जंगल न जाने की सलाह





## झीरम घाटी हमलाः किसने किया और कब मिलेगा न्याय?

# 12 साल बाद भी अधूरी है सच्चाई की तस्वीर, न्याय भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

25 मई 2013 यह दिन छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक गहरे ज़ख्म की तरह दर्ज है। बस्तर की झीरम घाटी में उस दिन जो कुछ हुआ, वह केवल एक नक्सली हमला नहीं था, बल्कि लोकतंत्र की मूल आत्मा पर हमला था। कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के दौरान नक्सलियों द्वारा किए गए इस हमले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व समेत 30 से अधिक लोगों की जान चली गई।

हमले में वरिष्ठ नेता महेंद्र कर्मा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल और उनके पुत्र दिनेश पटेल, विधायक उदय मुदलियार, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत कई कार्यकर्ता ▶▶ शेष पेज 13 पर

### प्रत्यक्षदर्शी सुरेंद्र शर्मा से विशेष बातचीत

हमले के प्रत्यक्षदर्शी और कांग्रेस नेता सुरेंद्र शर्मा ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में कहा कि झीरम घाटी का हमला न केवल हमारी पार्टी के लिए, बल्कि समूचे लोकतंत्र के लिए एक चेतावनी थी। जब तक इस हमले की सच्चाई सामने नहीं आती, तब तक यह घाव हरा रहेगा। देश के हर नागरिक को यह सवाल पूछना चाहिए कि आखिर झीरम हमला किसने किया और कब मिलेगा न्याय?



### झीरमः अब भी एक अनसुलझी पहेली



आज, जब झीरम घाटी हमले की 12वीं बरसी मनाई जा रही है, तब भी इस दुखद घटना के उत्तर हवा में लटके हैं। झीरम घाटी की मूक धरती आज भी गवाही दे रही है कि सच्चाई अब तक सामने नहीं आई। यह ▶▶ शेष पेज 13 पर

### सुनसान घाटी में नरसंहार

हमला सुनसान झीरम घाटी में अंजाम दिया गया, जहां पहले से घात लगाए नक्सलियों ने काफिले को घेर कर अंधाधुंध फायरिंग और विस्फोट शुरू कर दिए। यह हमला इतना सुनियोजित था कि सुरक्षा बल भी असहाय नजर आए। यह केवल एक सैन्य विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी खुफिया चूक भी थी।

### राजनीति और पीड़ित परिवारों के बीच पिसता न्याय

12 वर्षों बाद भी इस हमले के पीड़ित परिवार न्याय की बाट जोह रहे हैं। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के सामने एक कटु प्रश्न बनकर खड़ी है कि क्या सत्ता की राजनीति सच्चाई और न्याय से बड़ी है। झीरम घाटी का यह हमला बार-बार राजनीतिक मंचों पर गूंजा, लेकिन उसका समाधान आज भी अधूरा है। इस त्रासदी ने यह दिखा दिया कि जब राजनीति जांच को प्रभावित करती है, तब न्याय कितना दूर चला जाता है।

### जांच की पेचीदगियां और न्याय का इंतजार

घटना के बाद जांच की जिम्मेदारी राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपी गई। शुरुआती जांच में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले, लेकिन जैसे-जैसे समय बीता, मामला राजनीतिक और कानूनी दांव-पेंचों में उलझता चला गया। एक समय ऐसा भी आया जब भारतीय जनता पार्टी ने इस मामले में कोर्ट से स्टे ऑर्डर ले लिया, जिससे जांच लगभग ठप्प हो गई। कांग्रेस ने इस घटना की न्यायिक जांच की पुरजोर मांग की, जबकि भाजपा ने सुरक्षा चूक का दोष कांग्रेस पर मढ़ा। दोनों दलों के आरोप-प्रत्यारोप के बीच झीरम घाटी का सच आज भी अधूरा है।

# अवैध शराब बेचने ले जा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में संचालित समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आमजन की शिकायतों व समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रारंभ की गई इस महत्वाकांक्षी योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

- रिसदा रोड काली मंदिर के पास हुई बड़ी कार्रवाई, 80 पाव व्हिस्की जब्त

इसी कड़ी में दिनांक 25 मई 2025 को समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने रिसदा रोड काली मंदिर के पास घेराबंदी कर अवैध शराब बिक्री के लिए ले जा रहे एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार आरोपी का नाम तिलक धृतलहरे (उम्र 24 वर्ष), निवासी ग्राम मुडियाडीह थाना सिटी कोतवाली है। आरोपी के कब्जे से 9600 मूल्य की 80 पाव गोवा स्पेशल व्हिस्की व मोटरसाइकिल (क्रमांक CG22 Y 4726) जब्त की गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### मंत्री से मिलकर अपनी समस्या बताएंगे मंडी बोर्ड कर्मचारी महासंघ

**रायपुर।** मंडी बोर्ड प्रांतीय कार्यकारणी की बैठक संभागीय कार्यालय रायपुर पंडरी आयोजित की गई। जिसमें विषेश अतिथि सहित प्रांता अध्यक्ष, प्रांतीय सचिव के साथ प्रांतीय कार्यकारणी के सदस्य उपस्थित थे। रही विभिन्न मंडियों से आये कर्मचारी अपनी समस्यओं से अवगत कराया। प्रांता अध्यक्ष द्वारा कर्मचारी हित में अनेक निर्णय लिये गये। मंत्री व प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड के समक्ष कर्मचारी के समस्याओं को रखने का संकल्प पारित किया गया।

### बीएससी नर्सिंग के प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने प्री बीएससी नर्सिंग के प्रवेशपत्र जारी कर दिए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 29 मई को आयोजित की जा रही है। व्यापम की वेबसाइट के अलावा अभ्यर्थी रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर व्यापम द्वारा भेजे गए एसएमएस के यूआरएल लिंक पर क्लिक करके भी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। समस्या समाधान के लिए व्यापम ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिए हैं।

### बिल्डर पर अवैध निर्माण का आरोप, कार्रवाई की मांग

**रायपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जय कुमार धनगर ने आरोप लगाया है कि जोन क्रमांक-10 के वार्ड 54 कांदुल रोड राशन दुकान के पीछे बोरियाखुर्द सीता वाटिका कॉलोनी एवं न्यू संतोषी नगर में बिल्डर द्वारा बिना नक्शा पास बिना लेआऊट के गुणवत्ताहीन मकान निर्माण कर बेचे जा रहे हैं, जिसकी शिकायत नगर निगम जोन-10 कमिश्नर से की जा चुकी है, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे लग रहा है कि निगम कर्मचारियों एवं बिल्डर के बीच सांठगांठ है। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

### कार में आग लगाने के बाद घर में फेंका आग का गोला



**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कुशालपुर स्थित एक घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाने के बाद जलती हुई आग का गोला फेंकने के मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें दो से तीन संदिग्ध दिख रहे हैं, जिन पर कार में आग लगाने की आशंका व्यक्त की गई है। बंजारी नगर निवासी अंकुश शुक्ला ने कार तथा घर में आग लगाने की शिकायत दर्ज कराई है। अंकुश ने पुलिस को बताया है कि 19-20 मई की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश ने घर के बाहर खड़ी कार में आग लगा दी। इसके बाद जलती आग को खिड़की के रास्ते घर के अंदर फेंक दिया। इससे घर में रखा सामान पूरी तरह से जल गया और रसोई गैस सिलेंडर की ऊपर की जाली तथा पाइप आग की चपेट में आ गया। सिलेंडर के पूरी तरह से आग की चपेट में नहीं आने से एक बड़ी घटना टल गई।

### भारतीय सेना के सम्मान के लिए निकलेगी रैली

**रायपुर।** भारतीय सैन्य बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता ने संपूर्ण भारतीय समाज को गौरवान्वित किया है। ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर समाज का कर्तव्य बनता है कि वह सेना के प्रति आभार, सम्मान एवं स्वागत-वंदन की भावना को जन-जन तक पहुंचाए तथा सैनिकों के उत्साहवर्धन में अपनी भागीदारी निभाए। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच की मांग है कि जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों को निर्देशित किया जाए कि वे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान, स्वागत-वंदन एवं आभार प्रकट करने के लिए विशेष कार्यक्रम, संगोष्ठी, रैली, सम्मान समारोह आदि का आयोजन करें।

**आयोजन :** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के नेतृत्व में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता, मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल

# बलौदाबाजार में हुई बास्केटबॉल-वॉलीबॉल लीग युवाओं में नशा मुक्ति और जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में दिनांक 24 एवं 25 मई 2025 को जिला स्टेडियम में दो दिवसीय बास्केटबॉल-वॉलीबॉल लीग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता नशा मुक्ति, साइबर अपराध एवं यातायात जागरूकता अभियान के तहत आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य खेलों के माध्यम से आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को सामाजिक बुराइयों से दूर रखते हुए जागरूक करना था।

प्रतियोगिता का समापन 25 मई को सायं 7 बजे मुख्य समारोह के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा, माननीय मंत्री (राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग, छ.ग.) उपस्थित रहे। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सहित अन्य गणमान्य






अतिथियों ने विजेता टीमों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल खिलाड़ियों को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज को सही दिशा देने में भी सहायक होते हैं। पुलिस और आमजन के बीच विश्वास एवं सहयोग को बढ़ाने में यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण साबित होगी।

इस खेल महोत्सव में जिला बलौदाबाजार सहित रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर से कुल 17 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम बास्केटबॉल (बालिका वर्ग) – प्रथम स्थानः रायपुर, द्वितीय स्थानः बलौदाबाजार-भाटापारा, बास्केटबॉल (बालक वर्ग) – प्रथम स्थानः भाटापारा, द्वितीय स्थानः बालाजी एकेडमी, वॉलीबॉल (बालिका वर्ग) – प्रथम स्थानः नवापारा, द्वितीय स्थानः कसडोल, वॉलीबॉल (बालक वर्ग) – प्रथम स्थान, सांई रायपुर, द्वितीय स्थानः खम्हरिया रहे। कार्यक्रम के दौरान यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत निर्णायकों एवं उपस्थित जनों को हेलमेट वितरित किए गए। यह पहल सड़क सुरक्षा के प्रति संदेश देने की दिशा में सराहनीय कदम रही।

**इनकी रही अहम भूमिका :** इस आयोजन को सफल बनाने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, डीएसपी ट्रैफिक अमृत कुजूर, जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर, निरीक्षक उषा ठाकुर, निरीक्षक रितेश मिश्रा, निरीक्षक अजय झा, उप निरीक्षक प्रियेश जॉन सहित अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

## विधायक ने भक्त माता कर्मा भवन का किया लोकार्पण



**कसडोल।** विधानसभा कसडोल के विधायक संदीप साहू रविवार को संत शिरोमणी भक्त माता कर्मा मूर्ति स्थापना एवं भवन लोकार्पण कार्यक्रम में विकासखंड कसडोल के ग्राम कोट (क) पहुंचे। जहां श्री साहू ने भवन का लोकार्पण कर भक्त माता कर्मा के मूर्ति में माला अर्पण कर आशीर्वाद लिया। आपको बता दे कि यहाँ साहू समाज के द्वारा स्वयं के पैसों से भव्य भवन का निर्माण कराया गया है जिसके लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक संदीप साहू पहुंचे थे। इस दौरान विधायक श्री साहू ने समाज द्वारा भवन निर्माण और मूर्ति स्थापना पर साहू समाज के पदाधिकारी और सदस्यों को सराहनीय कार्य पर बधाई दिया।

## शिकार की तैयारी में पकड़े गए दो आरोपी, वन विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिले के वन विभाग की टीम द्वारा वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार गणवीर धम्मशील के निर्देश पर वन्य प्राणियों की शिकार करने के प्रयास करते दो आरोपियों को गिरफ़्तार कर वन संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

वन विभाग की टीम द्वारा वन एवं वन्यप्राणियों के सुरक्षा हेतु रात में वन गश्त के दौरान परिक्षेत्र कोठारी बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 223 पूर्व कोठारी एवं परिक्षेत्र सोनाखान के नवागांव के आरक्षित वन क्षेत्र में कक्ष क्रमांक 247 वनोपज जांच नाका नवागांव में रात्रि 10:30 बजे कोठारी क्षेत्र से आ रहे वेगानार वाहन को रोककर



जांच किया गया। जिसमें बंटी कुमार मैथ्यूज वल्द आर्थर बेंजामिन ग्राम कटगी तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार,सुरेंद्र फरमान दास वल्द राजेंद्र कुमार दास सुभाष ब्लॉक कोरबा द्वारा अपने वेगानार क्रमांक CG-12-AU - 1332 के अन्दर एयर गन , टॉर्च, 2नग मोबाइल आदि सामग्री बरामद हुई।आरोपियों द्वारा उक्त सामग्री को बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र में शिकार करने के उद्देश्य से रखा गया था जिसको वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एवं आयुध अधिनियम 1959 के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रथम श्रेणी बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय बलौदाबाजार के द्वारा दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल दाख़िला किया गया।

### इनका रहा विशेष योगदान

वनमंडलाधिकारी के निर्देशन पर लगातार वन और वन्यजीव अपराध पर कड़ी निगरानी एवं लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्यवाही में परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवन लाल साहू महेंद्र लाल यादव, योगेश कुमार साहू, बिमलेश वर्मा, बुद्धेश्वर दिवाकर, खगेश्वर ध्रुव, भूपेन्द्र बंजारे तथा सुरक्षा श्रमिकों एवम् स्थानीय ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

## पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री को पत्र भेजेगा फेडरेशन, रायपुर में हुई प्रांतीय बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, पेंशनर्स फोरम की प्रांतीय बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु प्रधानमंत्री को पत्र से अवगत कराने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी पेंशनर्स फोरम के प्रदेश संयोजक बी पी शर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि फोरम की बैठक राजपत्रित अधिकारी संघ कार्यालय, शंकर नगर रायपुर में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न पेंशनर संघ के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें प्रमुख रूप से निम्नांकित समस्याओं पर चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निराकरण करने हेतु निर्णय लिया गया। महंगाई राहत धारा 49(6) के तहत मध्य प्रदेश से सहमति लेने की की बाध्यता को समाप्त की जाए, महंगाई राहत के साथ एरियर्स भुगतान केंद्र सरकार के समान किया जाए, प्रदेश में लंबित पेंशन प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जावे, साथ ही सेवानिवृत्ति तिथि को समस्त स्वत्वों का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए, पेंशनरों को उपचार हेतु कैशलेस की सुविधा अनिवार्य रूप से प्रदान किया जाए।

प्रदेश स्तरीय पेंशनर फोरम की बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, पेंशनर फोरम के प्रदेश संयोजक बीपी शर्मा, आरके रिछारिया, चेतन भारती, यशवंत देवान, आरके ठाकुर, कौशल वर्मा, आरके रिछारिया, पंकज पांडेय, उमेश मुदलियार, सुनील नायक, आरएन नायक, पूर्णानंद नेताम, सीएल दुबे, एएन झा, कृष्णा प्रसाद तिवारी विद्यासागर ध्रुव, श्रवण कुमार ठाकुर, मधुकांत यादु, तुलसीराम राठौड़, रमेश ठाकुर, विनोद चंद्राकर, भागीरथी साहू, दुबे लाल सेन, घनश्याम पुरी, लोकेश कुमार, रोमनाथ नायक, अरुण बघेल भागवत जैन, धरमपाल वर्मा, पंकज नायक, बीपी कुशेल सहित प्रांतीय एवं विभिन्न जिला के जिला संयोजक उपस्थित रहे।

## अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर चला स्वच्छता अभियान व हुई संगोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रायपुर ग्रामीण जिला, खरोरा मंडल में रानी अहिल्या बाई होलकर जी के 300 वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर आज 24मई को बेल्दार सिवनी में विराजित स्वयंभू भोलेनाथ के मंदिर में पुजा अर्चना कर बारह ज्योतिर्लिंग मंदिर प्रांगण की स्वच्छता अभियान के तहत सफाई किया गया, तत पश्चात स्वक्षता दीदीयों एवं मितानिन बहनों का साल से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रानी अहिल्या बाई के जीवन पर संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ गुलाब टीकरिहा ,मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा एवं अनिल सोनी द्वारा उद्बोधन किया गया, मंच संचालन विकास ठाकुर द्वारा किया गया।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुर्व जिला अध्यक्ष गुलाब टीकरिहा, खरोरा मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनिता सोनी, पुर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, बंगोली मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत साहु, बुडेनी सरपंच उत्तरा ध्रुव, महामंत्री दुलेश साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष मुकेश वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष पुर्णिमा धनकर, विकास ठाकुर, कार्यालय प्रभारी दिपक धनकर, मुरली वर्मा, पार्षद तामेशवर मरकाम, लीला देवांगन, हिरा वर्मा, श्रवण भोई, ललीत वर्मा, शारदा वर्मा, भुषण वर्मा, एवं ग्राम की स्वक्षता दीदीयां, मितानिन बहने और भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

**विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा निशुल्क एएनसी जांच और परामर्श सेवा प्रदान**

# 19 उच्च जोखिम गर्भवती माताओं की हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे आज प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का सफल संचालन संपन्न किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की पहचान कर, विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा गुणवत्ता पूर्ण संपूर्ण प्रबंधन सुनिश्चित करना है।

उच्च जोखिम श्रेणी में आने वाले महिलाओं का समुचित प्रबंधन एवं सुनियोजित संदर्भन सुनिश्चित कर राज्य में मातृ मृत्यु अनुपात कम करना है। जिसके लिए शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के 9 तारीख एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, संपूर्ण लैब जांच, एवं विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षित डॉक्टर का परामर्श एवं




काउंसलिंग राज्य के विभिन्न शासकीय अस्पतालों में निशुल्क किया जाना है।

**विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने दी फ्री सर्विसेजः** इसी कड़ी में आज नगर पंचायत भटगांव के नामी डॉक्टर सुष्मिता जायसवाल, प्रसूता एवं स्त्रिरोग विशेषज्ञ द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव में एक दिवसीय फ्री ओपीडी सर्विसेज एवं एएनसी जांच कर सेक्टर भटगांव के सभी कुछ जोखिम लक्षण वाले गर्भवती महिलाओं को अपना फ्री सर्विसेज प्रदान करी है। जिससे सभी गर्भवती महिलाओं को स्त्री रोग विशेषज्ञ का परामर्श मिल पाया है। एवं सभी गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हो पायीं है। जिसके लिए डॉ एफ आर निराला (जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) एवं डॉ सुरेश खुटे ( खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़) के द्वारा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डॉ सुश्मिता जैसवाल मैडम का धन्यवाद प्रकट किया है। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव के प्रभारी चिकित्साअधिकारी डॉ लोकेश कुमार अजय एवं उनके टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज के पीएमएसएमए में 19 उच्च जोखिम के गर्भवती माताएं चिन्हांकित हुई है, इन्हें जरूरी काउंसलिंग करके सुरक्षित प्रसव के लिए समझाइश दी गई है इनकी नियमित जांच एवं अनुसरण किया जाएगा।

## 20 हजार शिक्षक पदों की पदोन्नति लंबित

**पलारी।** शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश संचालक संजय शर्मा एवं डॉ कोमल वैष्णव ने कहा है कि सेटअप के आधार पर प्रदेश में प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, शिक्षक व प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के 20 हजार पद पदोन्नति हेतु अभी भी रिक्त है, इन पदों की पूर्ति की प्रक्रिया विभाग द्वारा की जा रही है, तो बेहतर होगा कि पहले समस्त रिक्त पदों की पदोन्नति से पूर्ति किया जावे, लेकिन इससे पहले ही युक्तियुक्तकरण के नाम पर अतिशेष शिक्षकों का चिन्हांकन किया जा रहा है। उन्होंने बताया अगर प्राचार्य, व्याख्याता, प्रायमरी व मिडिल प्रधान पाठक व शिक्षक के रिक्त पदों पर पहले पदोन्नति किया जाएगा तो सेटअप 2008 के आधार पर युक्तियुक्तकरण किए जाने से भी अधिसंख्य शिक्षक समायोजित हो जाएंगे। एक तरफ प्रदेश में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का निर्णय लिया गया है



वहीं छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा अपने ही विभाग व स्कूलों के सेटअप 2008 से छेड़छाड़ करके शिक्षा के अधिकार कानून की आड़ में प्रत्येक शालाओं से एक-एक शिक्षक कम किया जा रहा है।उन्होंने प्रदेश के प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला में न्यूनतम छात्र संख्या के अनुसार शिक्षक अनुपात में 1 - 1 शिक्षक कम किया जा रहा है, हायर सेकेंडरी स्कूल में कॉमर्स विषय के व्याख्याता का 1 पद घटाया जा रहा है, यह दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण के निर्देश में सब जाहिर है।

## खबर संक्षेप



### बलौदाबाजार में भारत स्काउट गाइड संघ की हुई बैठक

**बलौदाबाजार ।** जिला मुख्य आयुक्त डॉक्टर अजय राव एवं जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा जिला संगठन आयुक्त सूरज कसारके साथ स्थान अध्यक्ष नरेश केसरवानी की उपस्थिति में भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बलौदा बाजार की आवश्यक बैठक पंडित चक्रपाणि शुक्ला आत्मानंद स्कूल बलौदा में आयोजित की गई जिसमें सदस्यता अभियान एवं संघ के विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा कर सुझाव दिया गया साथी राज्य पुरस्कार एवं विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों पर चर्चा किया गया इस अवसर पर विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा स्काउटर गंगाराम वर्मा तिलक वर्मा पारस वर्मा नरेंद्र कुमार साहू लहाराम मनहरे धनेश कुमार वर्मा मनोज कुमार वर्मा हरिश्चंद्र वर्मा प्राचार्य तिवारी सर दीक्षित मैडम की उपस्थिति में संपन्न हुआ ।

### 6 दिवसीय पत्रकारिता इंटर्नशिप कार्यक्रम 26 से

**लवन ।** शासकीय महाविद्यालय लवन में एम.ए. हिंदी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु 6 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया है यह कार्यक्रम 26 मई से प्रारंभ होकर 31 मई 2025 तक महाविद्यालय परिसर में समय सुबह 8 से दोपहर तक संचालित किया जाएगा कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पत्रकारिता के व्यावहारिक पक्ष से परिचित कराना है इस प्रशिक्षण शिविर में पत्रकारिता के स्वरूप उसके विविध आयामों इतिहास तथा समाचार संकलन एवं लेखन की प्रक्रिया पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जाएगा। विषय विशेषज्ञों एवं लवन के वरिष्ठ पत्रकारो द्वारा व्याख्यान एवं संवाद के माध्यम से छात्रों को पत्रकारिता की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा कॉलेज प्राचार्य डॉ एस के भट्ट के निर्देशानुसार कार्यक्रम प्रभारी जय प्रकाश खुटे नें बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जिससे वे सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त कर सकेंगे कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की पहल से विद्यार्थियों में सृजनात्मकता एवं व्यावसायिक दक्षता को बढ़ावा मिलेगा ।

### चन्द्रसूर में क्रिकेट प्रतियोगिता 28 से

**मगरलोड।** ग्राम चन्द्रसूर में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 28 मई से 1 जून तक किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रूपये तथा द्वितीय पुरस्कार 5001 रूपये है। आकर्षक पुरस्कार मैन ऑफ द मैच 501 रूपये है। प्रवेश शुल्क 501 रूपये है। प्रतियोगिता की तैयारी में सरपंच देवचरण साहू, ज्ञानचंद यादव एवं लोमश निषाद जुटे हुए हैं।

# युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान, हटाया कीचड़ और प्लास्टिक कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह/सैहा/गुमा

- पंचों और युवाओं की संयुक्त पहल से बढ़ा स्वच्छता का संदेश

सेनानी गौरव ग्राम रावन के वार्ड क्रमांक 10 स्थित सरस्वती चौक रंगमंच, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 तथा शासकीय पशु औषधालय के पास फैले कीचड़ और प्लास्टिक कचरे को हटाकर युवाओं ने स्वच्छता का उदाहरण प्रस्तुत किया।

युवाओं ने लगभग एक से डेढ़ इंच मोटी कीचड़ की परत और फैले डिस्पोजल/पालीथिन जैसे अपशिष्ट को हटाने का कार्य श्रमदान के माध्यम से किया। यह स्वच्छता अभियान न केवल सफाई का संदेश लेकर आया, बल्कि सामाजिक सहभागिता और जन-जागरूकता की मिसाल भी बना।



**ग्रामीणों ने किया श्रमदान**

**स्वच्छता ही सेवा का भाव**

कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखना सामाजिक उत्तरदायित्व है, और ऐसी छोटी-छोटी पहलें ही मिलकर बड़े परिवर्तन लाती हैं। ग्रामवासियों ने युवाओं की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इसी तरह सामूहिक प्रयास करते रहने का संकल्प लिया।

**पंचों की सहभागिता से बढ़ा उत्साह**

इस अभियान में पंचायत प्रतिनिधियों और जागरूक युवाओं की भूमिका सराहनीय रही। विशेष रूप से पंच चंद्रदेव वर्मा, शत्रुघ्न यादव, सुरित यादव, सुमन यादव, और निक्की तिवारी ने श्रमदान कर अन्य ग्रामीणों को भी प्रेरित किया।

## 25 मई 2013 को नक्सलियों ने किया था हमला

# झीरम घाटी नक्सली हमले की 12वीं बरसी पर कांग्रेस ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

25 मई 2013 को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वर्गीय नंद कुमार पटेल के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा सुकमा में आयोजित की गई थी। इस परिवर्तन यात्रा में नक्सलियों द्वारा झीरम घाटी मैं कांग्रेसजनों के यात्रा के काफिले में हमला किया गया जिसमें 30 से अधिक लोग शहीद हुए। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नक्सली हमले में शहीद हुए नेताओं एवं काफिले में शामिल लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष द्वय विक्रम गिरी, रूपेश सिंह ठाकुर, पूर्व नपा अध्यक्ष विक्रम पटेल ने शहीदों का स्मरण करते हुए कहा कि 25 मई 2013 में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा परिवर्तन यात्रा के दौरान भाजपा शासन काल में नक्सलियों द्वारा कांग्रेस के शीर्ष नेताओं पर हमला किया गया इस नक्सली हमले में छत्तीसगढ़ के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाया गया यह घटना देश एवं प्रदेश के लिए शर्मनाक घटना रही छत्तीसगढ़ के भाजपा के रमन सरकार के कानून व्यवस्था की पोल खोल दी थी उन्होंने आगे कहा कि इस नक्सली घटना में कांग्रेस के नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्या चरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा ,दिनेश पटेल, उदय मुतलियार, योगेंद्र शर्मा सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता समेत अनेक लोगों की शहादत हुई।

इस अवसर पर कांग्रेसियों द्वारा झीरम घाटी हमले में शहीद हुए लोगों का पुण्य स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवादल अध्यक्ष संतोष यादव, आर्यन शुक्ला पाषर्दगण सलमान शेख, सुरेश घृतलहरे, सुरेंद्र जायसवाल, मनोज प्रजापति, सुभाष राव, रविंद्र नामदेव, दिगंबर साहू, सुखदेव साहू लखेश साहू, गोल्डी मरैय्या, प्रवीण सेन ,दिलीप सोनी,आयुष भतपहरी ,जय ठाकुर ,अजय भारती ,भूपेंद्र सेन, हिमांशु दीक्षित, हेमंत वर्मा सहित कांग्रेस और उपस्थित थे।

### पलारी में कांग्रेस ने 25 मई को शहीद दिवस के रूप में मनाई नक्सली हमले की 12वीं बरसी




**पलारी।** रविवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी पलारी में 25 मई 2013 नक्सली हमले की 12 वी बरसी शहीद दिवस के रूप मे मनाया गया, कांग्रेस ने कहा कि यह एक ऐसी घटना है जिसमें न सिर्फ छत्तीसगढ़ को बल्कि पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। जिसमें कांग्रेस नेताओं को निशाना बनाकर कायराना हरकत किया था इस हमले में नक्सलियों ने 33 लोगों की निर्मम हत्या कर दिया, उस वक्त काँग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने परिवर्तन यात्रा कर रहे थे तथा नक्सली हमले मे छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कई नेताओं ने अपनी जान गँवाई जिसमें पार्टी प्रमुख नंदकुमार पटेल, बस्तर टाईगर महेंद्र कर्मा, विद्याचरण शुक्ल ,उदय मुदलियार, दिनेश पटेल,अभिषेक गोलछा, मो. अल्लानूर ,भागीरथी नाग, मनोज जोशी, राजकुमार, गनपत नाग ,सदा सिंह नाग ,गोपी माधवानी, योगेन्द्र शर्मा सहित 33 लोग शामिल थे। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष सुनील कुर्रे, खिलेंन्द्र वर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष ,नंदेश्वर साहू नगर पंचायत अध्यक्ष रोहांसी, उपाध्यक्ष पितांबर साहू, रवि बंजारे सदस्य जिपं, संतोष देवांगन ,मनीष चन्द्राकार, केदार वर्मा, नेमसिंग बांधे ,राजकुमार साहू, बिसन रजक, रज्जाक खान ,शेरखान, घनश्याम वर्मा, रुद्रदेव कश्यप, गिरधारी चन्द्राकार, केजराम रावत, महेश बारले, महेश ढीढी, इंन्द्र वर्मा ,मेघनाथ यादव, बसंत जांगड़े ,जितेन्द्र कन्नौजे ,रामनिवास साहू सहित कार्यकर्ताओं ने शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

### झीरम घाटी के शहीदों को नगर टुण्डरा के कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज गिधौरी । वर्ष 2013 को कांग्रेस परिवर्तन यात्रा के दौरान बस्तर जिले के झीरम घाटी में घात लगाये बैठे माओवादियों ने अंधाधुंध गोली चलाकर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेसियों,सुरक्षा अधिकारियों को 25 म ई को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिये थे। उन शहीदों के पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी टुण्डरा की ओर से नगर के मुख्य मार्ग में मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि दी गयी। कांग्रेस पार्टी के अनेक वरिष्ठों ने देश सेवा में अपनी शाहदत दी है। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व नगर अध्यक्ष मोतीराम साहू, राजमहंत पी के घृतलहरे, पार्षद भानूप्रताप घृतलहरे, पूर्व पार्षद दिनेश देवांगन, रविशंकर बंजारे, रमाकांत साहू, खेमचंद रात्रे, युवल साहू, दुलीचंद देवांगन, साधुराम देवांगन, घनश्याम बारले, वरिष्ठ कांग्रेसी सतीश साहू, माधव साहू, प्रकाश साहू, लच्छी देवांगन, छोटेलाल देवांगन, संतीष धीवर, शिव सोनी आदि सहित नगर के कांग्रेस जन शामिल रहे।



# कुर्मी क्षत्रिय समाज की ठेलकी बैठक में सामाजिक प्रस्तावों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह / सैहा/गुमा

- 11 प्रकरणों का हुआ समाधान
- दीप प्रज्वलन व महापुरुषों को श्रद्धांजलि देकर हुई बैठक
- राजप्रधान सुनीता वर्मा ने समाजजनों के बीच रखा महाधिवेशन के निर्णय

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज की एक महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 24 मई को ग्राम ठेलकी में संपन्न हुई। इस बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी, छत्रपति शिवाजी महाराज, स्वामी आत्मानंद, और खूबचंद बघेल जैसे महापुरुषों के तैलचित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत छत्तीसगढ़ माता की वंदना एवं कुर्मी गौरवगान प्रस्तुत किया गया।

राजप्रधान सुनीता वर्मा ने रायपुर स्थित बुढ़ा तालाब इंडोर स्टेडियम में 13-14 अप्रैल को आयोजित महाधिवेशन में पारित समाजिक प्रस्तावों की जानकारी देते हुए उनके क्रियान्वयन हेतु आग्रह किया। उन्होंने सामाजिक विधानों का वाचन कर समाजजनों को अवगत कराया।

बैठक में कुल 13 प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें से 11 प्रकरणों का समाधान किया गया, जबकि साक्ष्य की अपूर्णता के चलते दो प्रकरणों को आगामी बैठक तक के लिए लंबित रखा गया।

कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग और योगदान देने वाले ग्रामवासियों का राजप्रधान के कर-कमलों से सम्मान किया गया। बैठक का समापन ग्राम प्रमुख, क्षेत्र प्रधान एवं सेवानिवृत्त शिक्षक खिलावन वर्मा के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

**ये रहे उपस्थित**

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में गांव के वरिष्ठ सुखीराम वर्मा उपस्थित रहे। साथ ही समाज की राजप्रधान सुनीता वर्मा, संरक्षक नरसिंह वर्मा, मिडिया प्रभारी महेश वर्मा, राजमंत्री द्वारिका वर्मा (झीपन), केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र वर्मा एवं सुरेन्द्र वर्मा, उपराजप्रधान जितेन्द्र धुरंधर व कीर्ति वर्मा, सचिव प्रदीप बघमार, सह-सचिव देवेश वर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी नरेश धुरंधर, नगर इकाई अध्यक्ष बलौदाबाजार हेमंत टिकरिहा तथा ताराचंद धुरंधर सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

# पवनी में आईपीएल मैच के दौरान सट्टा खेलते चार आरोपी गिरफ्तार, 60 हजार की जब्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

थाना प्रभारी उप.निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर नगर पवनी में रेड की कार्रवाई कर चार आईपीएल क्रिकेट मैच मे रूपए का दांव लगा सट्टा चला रहे सटोरियो को गिरफ्तार किया गया है।

पवनी खजरी रोड में स्थित राजस्व कॉलोनी के सामने कुछ दूरी पर स्थित नहर के पास सुखा पचरी तालाब में बैठकर चार व्यक्ति एंड्राइड मोबाइल सोसल मिडिया जन्नत ऐप मे अलग अलग आईडी बनाकर लाईव के माध्यम से रूपए पैसे का हार जीत का दाव लगाकर आई पी एल क्रिकेट मैच मे रूपए का दांव लगाकर संयुक्त रूप से सट्टा खेल रहे है की सूचना पर मौके पर रेड कार्रवाई कर आरोपियों को रंगे हाथ 4 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। जिसमें रोशन साहू पिता जगदीश साहू उम्र 27 वर्ष,अभिषेक साहू पिता ओंकार साहू उम्र 19 वर्ष, इंद्र साहू पिता लखन लाल साहू उम्र 27 वर्ष,गोविंद साहू पिता रामेश्वर साहू उम्र 22 वर्ष सभी सकिनान पवनी थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से



05 नग एंड्राइड मोबाइल, विवो पोको हानर कंपनी का मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स आइडी मे सुरक्षित रकम 10 हजार जुमला कीमती 60 हजार रुपए व लाखों रूपए के लगे दांव हिस्टरी स्क्रिन शाट को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाहो के समक्ष जप्त कर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 कि धारा 7 जुआ एक्ट तहत विधिवत कार्रवाई किया गया है। आरोपियो को न्यायिक रिमांड हेतु माननीय न्यायालय रवाना किया गया है। प्रकरण की संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी शिव कुमार धारी, प्रधान आरक्षक भंवरलाल काटले, किशोर खट्कर, आरक्षक कमल कुर्रे, हेमंत जटवार, सुमित देवांगन, सतपाल सिंह, पंकज अनिल आदि योगदान रहा है।

# पीएम आवास योजना में गड़बड़ी धन्नासेठ बने फर्जी लाभार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

- बड़ी संपति होने के बावजूद आवेदन कर रहे 'कच्चे मकान' का झूठा दावा, कर्मचारियों पर दबाव

सरकार पी एम आवास प्लस टू विगत दिनों सर्वे करवाया है। ताकि कच्ची एवं अर्ध कच्ची मकान न रहे सभी गरीबों के मकान पक्की हो, और सरकार के जो योजना है वह स्वागत योग्य है। सरकार की मंशा है की देश के सभी गरीबों के मकान पक्का हो लेकिन यह धरातल मे पूरा होने की संभावना नही दिख रही है ।

जिसका दोमंजिला मकान है, तीन चार पहिए गाड़ी है, लाखों रुपये के धान बिक्री करता है ऐसे लोग अपनी पत्नी के नाम पर आनलाईन फार्म भरे है या शुसासन तीहार मे आवेदन दिए है, जिसकी वजह से कर्मचारियों उनके कार्य करने मे मजबूर है। यहाँ तक खबर मिला है की धन्ना य ब्यक्ति के पास कच्ची मकान नही है वे किसी गरीब के मकान मे फोटो खीचना है। और सरकार को धोखा देने के काम किए हैं क्षेत्र में ये भी चर्चा मे आया है वर्तमान समय में आवास की स्वीकृति मिली है लेकिन वह मकान निर्माण नही की और उनका पुराना मकान है उसी को पास करवा रहे है आवास मित्र एवं रोजगार सहायक के मिली भगत से ये सब काम हो रहा है। गरीबों ने चर्चा के दौरान बताया कि हमें चिंता है बड़े आदमी के नाम आवास प्लस टू के सूची मे नाम आ जाए और गरीबों के नाम सूची से बाहर हो जाएगा, तो हम किसके पास आंसू बहाने जाएगे। क्योंकि हमारा पहुंच नहीं है शासन आवास निर्माण के लिए स्वीकृति राशि दी जाती है उतना मे मकान निर्माण नहीं हो पा रहा है।

## पेज 11 के शेष

### महिला की बेरहमी...

थाना खरोरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। टीम के सदस्यों को पूछताछ में यह जानकारी प्राप्त हुई कि मृतिका पद्मा यादव के पडोस में रहने वाले राजू यादव एवं जीवन यादव का उससे पूर्व में लड़ाई झगड़ा एवं विवाद हुआ था तथा दिनांक घटना को राजू यादव को मृतिका के घर के पास की गली से भागते हुये भी देखा गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा राजू यादव एवं जीवन यादव की पतासाजी कर उन्हें पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा पद्मा यादव की हत्या की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया।

### अवैध शराब बेचने...

छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर, उसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है।विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार आरोपी पूर्व में बलौदाबाजार में घटित तोड़फोड़ व आगजनी की घटनाओं में भी शामिल रह चुका है, जिसे पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, संदेहास्पद व्यक्ति या घटना की जानकारी हेल्पलाइन नंबर पर कॉल या व्हाट्सएप के माध्यम से तत्काल दें। आपकी सूचना गोपनीय रखी जाएगी और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### पोसरी गांव में ...

सकते थे। ग्रामीणों ने एकजुट होकर रविवार को ग्राम सरपंच, उपसरपंच एवं पंचायत सदस्यों की अगुवाई में थाना सिटी कोतवाली पहुंचकर मंतराम यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्र में स्थायी पुलिस चौकी या थाने की आवश्यकता को उजागर किया है। थाना सिटी कोतवाली वर्तमान में बलौदा बाजार नगर, तीन सीमेंट फैक्ट्रियों एवं 76 गांवों की डेढ़ लाख से ज्यादा आबादी की सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहा है, जबकि सिर्फ एक गश्ती वाहन और सीमित स्टाफ ही मौजूद है। इससे पुलिस बल पर भारी दबाव बना रहता है।

### 12 साल बाद ...

और सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए। यह हमला न केवल हिंसा का चरम था, बल्कि एक सोच-समझकर रची गई साजिश का हिस्सा भी था, जिसका उद्देश्य राजनीतिक नेतृत्व को खत्म करना था।

### झीरमः अब भी...

घटना केवल एक आतंकवादी हमला नहीं, बल्कि न्याय प्रणाली और राजनीतिक इच्छाशक्ति की भी परीक्षा थी, जो आज भी अधूरी है।

## बहुजन समाज पार्टी ने की जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर तत्काल कार्रवाई की मांग

# रेत का अवैध खनन जारी, खनिज विभाग की लापरवाही पर बसपा ने जाहिर किया कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

- अर्जुनी में रेत माफिया बिना रोक-टोक के कर रहे अवैध खनन, स्थानीय लोगों का हक होता नुकसान

जिला खनिज विभाग के द्वारा खाना पूर्ति के लिए ही कार्रवाई की जा रही है। वास्तविकता में अवैध खनन रेत खनन रेत माफियों के द्वारा रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। जिस पर खनिज विभाग का रवैया सबके सामने है।

विभिन्न जगह पर अवैध घाट भी संचालित हो रहे हैं जहां से चोरी छुपे रेत की चोरियां हो रही है जितने भी रेत घाट संचालित हो रहे हैं वहां रेत घाट को चलाने के लिए बाहर से लोगो को लाकर रखा गया है जो लोग छत्तीसगढ़िया लोगो के हक को मार कर अपना जेब भरने का काम कर रहे हैं, जो छत्तीसगढ़िया लोगो के हक में नहीं है जिसको ध्यान में रखते हुए बहुजन समाज पार्टी जिला बलौदाबाजार इकाई ने विगत दिवस ज्ञापन देकर इसमें जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।



**ये रहे उपस्थित**

इस ज्ञापन कार्यक्रम में बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार पात्रे, जिला अध्यक्ष प्रहलाद साहू, जिला प्रभारी रवि रविन्द्र, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पंचायत लवन अध्यक्ष डेरहा डहरिया, नकुल बांधे, अमरदास बर्मन, डॉक्टर नोहर भारद्वाज, बरातू बंजारे, अजय डहरिया, आजेश कठोत्रे और मेहतर चेलक की उपस्थिति रही है।

**खबर संक्षेप**

## महिला से 8 लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम आमापाली-हाड़ापथरा मार्ग में एक महिला से 8 लीटर महुआ शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर सुखबाई मिर्धा (38) को पकड़ा। पूछताछ में उसने हाड़ापथरा थाना बसना निवासी होना बताया। तलाशी लेने पर सड़क किनारे छिपाकर रखे काले रंग की ट्यूब में 8 लीटर महुआ शराब (कीमती 1600 रुपए) मिली। पुलिस ने शराब जब्त कर महिला के विरूद्ध आबकारी एक्ट 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया।

## खेत से पंप व सामान पार

**महासमुंद।** भोरिंग खार के खेत से 3 एचपी का सोलर पंप, कंट्रोलर, केबल वायर अज्ञात ने पार कर दी। चोरी गए सामानों की कीमत साढ़े 28 हजार रुपए बताई गई है। प्रार्थी ने तुमगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार तुमगांव वार्ड-8 निवासी गंगूराम सतनामी ने पुलिस को बताया कि उसका खेत भोरिंग खार में है। खेत में क्रेडा के तहत 3 एचपी का डीसी सबमर्सिबल सोलर पंप, केबल, कंट्रोलर लगाया गया था। जिसे अज्ञात ने चोरी कर ली। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## कलीराम ने माता के दर्शन कर गांव की सुख-समृद्धि की कामना

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी निवासी जय भोले ग्रुप के सदस्य, पर्यावरण प्रेमी और नन्दीश्वर महादेव के वरिष्ठ कार्यकर्ता कलीराम निषाद ने एक दिवसीय यात्रा के दौरान धमतरी में विराजित माँ अँगार मोती व बिलाई माता और महाप्रभु वल्लभाचार्य के दर्शन कर ग्राम की सुख समृध्दि की कामना की है। 65 वर्षीय बुजुर्ग ने माता के दर्शन कर माथा टेक सुख समृद्धि की कामना की। वही मन्दिर परिसर में गाय को चार खिलाया व प्रणाम किया। माता दर्शन कर मंदिर में भ्रमण का आनंद लिया व पंडा व पुजारियों का हल चल जाना। निसदिन महाकाल के आराधना व जाप घर व मंदिर में करते है। गांव के देवी देवता के जाने माने भक्त है। वही साथ में योगेश साहू, पुनऊ पाड़े, भुलाऊ निषाद, रोशन पटेल सहयोगी उपस्थित थे।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** खेल संघों एवं संस्थाओं के माध्यम से महासमुंद जिले में विभिन्न खेलों में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हैंडबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, रग्बी, सॉफ्टबॉल, हॉकी, लॉन टेनिस, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, ताइक्वांडो, कराते, शतरंज, योगा खेल शामिल होंगे। मिनी स्टेडियम महासमुंद में बॉस्केटबाल, हैंडबॉल, हॉकी, बॉल बैडमिंटन, नेटबॉल, फॉरेस्ट विद्यालय में लॉन टेनिस, बैडमिंटन, कराते क्लॉस, खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर भोरिंग में तीरंदाजी, मुख्यालय में फुटबॉल, ताइक्वांडो, तुमगांव में सॉफ्टबॉल एवं रग्बी, बेमचा में हॉकी एवं बॉल बैडमिंटन, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मचेवा में शतरंज एवं एसबीआई ऑफिस के ऊपर में योगाखेलों का आयोजन जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण के मार्गदर्शन किया जा रहा हैं।

**अनदेखी : नई इमारतों के लोकार्पण के बीच पुरानी इमारतें हो रहीं खंडहर**

# लाखों की लागत से बने शासकीय भवनों की स्थिति खस्ताहाल, जिम्मेदारों पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

नगर सहित क्षेत्र में आये दिन शासकीय भवनों के निर्माण को लेकर जहां आधार शिलाएं रखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर आये दिन नगर में नव निर्मित भवनों का अधिकारियों से लेकर नेताओं द्वारा लोकापर्ण करते हुए मिठाईयाँ खाते हुए नगर को सौगाते प्रदान कराने की बात कहते हुये खूब वाही वाही लूटी जा रही है, जबकि नगर के अंदर गौर करने वाली बात तो यह है कि जिस प्रकार से नगर के अंदर करोड़ो की लागत से बनने वाले इन शासकीय भवनों के निर्माण कार्यों की सच्चाई चंद दिनों के अंदर ही लोगों के सामने आने से नहीं चूक रही है कि आखिर में शासन द्वारा दिये गये लाखों रूपया में क्या खेल हुआ है..?

यदि भवन निर्माण के कार्यों की सच्चाई देखी जावे तो आज से कई वर्षों पूर्व नगर में अनेक ऐसे शासकीय भवनों का निर्माण हुआ है जो आज शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते खंडहर जरूर हो रहे है। मगर उनके निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं वर्तमान समय में उससे कई गुना अधिक राशि से बनाये जाने वाली शासकीय भवनों की गुणवत्ता में काफी अंदर देखा जा सकता है? कुछ इसी प्रकार की स्थिति नगर में जहां तहां पड़ी हुई शासकीय भूमि की देखने मिल रही है, जिनको लेकर कहा जा रहा है कि जिसकी मर्जी जहां होती है वह शासकीय भूमि को अपने कब्जे में लेते हुए उस पर अतिक्रमण कर आलीसान भवन व दुकानों का निर्माण करते हुए कमाई करने में लग जाता है। इस बात की सच्चाई नगर में आसानी से जहां तहां देखने मिल सकती है...? जबकि गौर किया जावे तो शासन प्रशासन तथा पुलिस व नपा. द्वारा सदा शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने की घोषणाएँ तो की जाती है पर वास्तविकता यह है कि नगर में पड़ी हुई शासन की बहुमूल्य जमीन अभी तक अतिक्रमण की भेंट चढ़ी हुई है, ऐसे में जाहिर है कि शहर से अतिक्रमण का जाल हटाने को लेकर शासन प्रशासन के दावे खोखले साबित हो रहे हैं और नगर के सौंदर्याकरण को पूर्णरूप से ग्रहण लगता हुआ जान पड़ रहा है।

अक्सर देखा जाता है कि जब भी नगर में अतिक्रमण हटाने की शुरूआत होती है तो मात्र चंद गरीबों के मकानों को हटाते हुए जब किसी प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा मनमानी तरीके से अतिक्रमण करते हुए पक्का निर्माण किया गया है उसे हटाने की नौबत आते है अतिक्रमण को विराम लग जाता है, जिसके चलते नगर में सौन्दर्यकरण काम अधर में लटका हुआ हुआ जान पड़ रहा है और नगर की शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण हटने की जगह लगातार बढ़ते हुये देखा जा रहा है।

**शासन की जमीनों पर बढ़ता अतिक्रमण, सौंदर्यकरण कार्य अधर में**



### करोड़ो की संपत्ति खंडहर में तब्दील

उधर देखने में आ रहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शान से अपने आफिसों में बैठे शासकीय अधिकारी इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि व्यापक जनहित में शहर की जर्जर होती शासकीय पुरानी भवनों की सूची तैयार कर उनको ध्वस्त कराने या फिर उनका जीर्णोद्धार कराने की दिशा में प्रयास किए जाएँ, जिससे करोड़ो की संपत्ति खंडहर के रूप में तब्दील हो चुकी यह शासकीय इमारते नगर की शोभा बन सके और म.प्र. शासन की राजस्व हानि से बचाया जा सके। वही यदि गौर किया जावे तो इस समय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शासन की संपत्ति को लेकर कोई चिंता ही नजर नहीं आ रही है, जिसके चलते नगर में जहां तहां बने हुए शासकीय करोड़ो की राशि के शासकीय भवनों को बचाने के लिए न तो अधिकारी और न ही क्षेत्र के नेताओ द्वारा किसी भी प्रकार की कोई पहल जा रही है जिसके चलते यह शासकीय भवन लगातार बदहाली का शिकार होने से नहीं चूक रहे है।



### पुरानी इमारते हो रही जर्जर

नगर के पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और स्वास्थ्य विभाग के आवासीय मकान, प्रतीक्षा बस स्टैंड, स्थित जर्जर होते हुये देखे जा सकते है। इस भवन का भीतर के भाग में लोग मूत्रालय के रूप में उपयोग होते हुये और असामाजिक तत्वों द्वारा शराब, गांजा पीते देखा जा रहा है जो खुलेआम शासन के स्वच्छता सर्वेक्षण को ग्रहण लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। शहर के जागरूक नागरिकों का मानना है कि यदि उक्त शासकीय भवनों के जर्जर हालत देख प्रशासन उन्हे तुड़वाने की कार्यवाही करे तो शासन की कीमती जमीन रिक्त हो सकती है और उसमें युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से सौकड़ों दुकानों का निर्माण किया जा सकता है। शहर के निवासियों ने क्षेत्र के जम्मेदार जनप्रतिनिधियों सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की है कि वे शहर के जर्जर हो रहे इन शासकीय भवनों की दशा का अवलोकन कर उनके अच्छे दिन लाने की पहल करें।

**प्रशासनिक सुस्ती बनी चुनौती**

# खरीफ की तैयारी में जुटे किसान, खाद-बीज की मांग चरम पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

- ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर बीज ले जाते किसान, मौसम से आशावान

मानसून की दस्तक से पहले ही अंचल के किसान खेतों की तैयारी में जुट गए हैं। खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान के लिए किसान अभी से खाद और बीज का भंडारण कर रहे हैं, ताकि समय पर बोआई कर सकें।

रविवार को बाजार में ट्रैक्टर-ट्रॉली में धान के बीज की बोरियां भरते और उन्हें ले जाते किसानों की तस्वीरें यह दर्शाती हैं कि इस बार वे पूरी तैयारी के साथ फसल उत्पादन में जुट गए है।ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों कृषि सामग्री की खरीदारी जोरों पर है। खाद-बीज की दुकानों पर सुबह से ही किसानों की भीड़ देखी जा रही है। किसानों का कहना है कि समय रहते आवश्यक सामग्री जुटा लेना जरूरी है, क्योंकि कई बार अंतिम समय में खाद या बीज की कमी से परेशानी होती है।किसानों ने बताया कि प्रशासन द्वारा खाद-बीज की उपलब्धता को लेकर पर्याप्त प्रबंध नहीं किए गए हैं।

### प्रशासनिक इंतजाम नाकाफी, निजी दुकानों से महंगे दामों पर खरीद

सरकारी केंद्रों पर अब भी वितरण की गति धीमी है, जिससे अधिकांश किसान निजी दुकानों से अधिक दामों पर खाद-बीज खरीदने को मजबूर हैं। इस स्थिति में प्रशासन से मांग की जा रही है कि खाद-बीज की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए और अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस बार मानसून के सामान्य रहने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में किसानों को उम्मीद है कि यदि समय पर बोआई और पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध हो सके, तो फसल का उत्पादन बेहतर होगा। किसान भी इन्हीं उम्मीदों के साथ आने वाले मौसम की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे हैं।

**मरम्मत...**



**बंगोली।** बरसात के पहले गांव देहात में छानी याने खपरैल की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया। ग्राम मूरा में एक ग्रामीण अपने खपरैल ठीक कराने में जुट गया है। ताकि बारिश होने पर पानी नीचे न गिरे।

# 12 वीं कामर्स में ट्विंकल को मिले 90.02 प्रतिशत अंक

**गिधौरी।** पिछले दिनो परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें कसडोल ब्लॉक के ग्राम छरछेद (कसडोल) के डीएवी स्कूल में अध्ययनरत छात्रा ट्विंकल कैवर्त्य जो कि रामपुर, कोट निवासी गोपाल कैवर्त्य शिक्षक की सुपुत्री है शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है जिन्होंने 12 वी कॉमर्स विषय में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 90.02% के साथ डी.ए.वी.विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित की है।

ट्विंकल ने अपने रामपुर (कोट) गांव का नाम रोशन किया है, वहीं उनके माता पिता परिजन ने



अपने बच्चे की आरती कर, मुंह मीठा करा गुलदस्ता भेंट कर अपने बेटी को बधाई प्रदान की और

इस अवसर पर ट्विंकल के दादा पोतराम केवट दादी अच्छेमती केवट, पिता गोपाल केवट, शिक्षक, माता सुलेखा केवट, भाई मोहनिश केवट सबने बधाई दी। वहीं ट्विंकल केवट ने कहा कि आगे की पढ़ाई में सीएस करना चाहती है।

# घिरघोल में कबीर प्रकट महोत्सव 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

समीपस्थ ग्राम घिरघोल में मंगलवार 27 मई को सदगुरु कबीर साहेब का प्रकट महोत्सव मनाया जाएगा। पूर्णिमा व्रत समिति और आमिन माता महिला मंडल घिरघोल के तत्वावधान में आयोजित एकदिवसीय कार्यक्रम में कसडोल विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि होंगे। समिति के संरक्षक व संचालक विजय वैष्णव ने बताया कि समारोह की शुरुआत अपराह्न 2 बजे स्थानीय कबीर आश्रम में सदगुरु कबीर साहेब की प्रतिमा स्थापना के साथ होगी। इस दौरान आमिन माता महिला मंडली द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। 3 बजे से सत्संग प्रवचन का कार्यक्रम शुरू होगा, जिसमें सदगुरु कबीर सद्ग्रंथ भजनोपदेशक मंडली घिरघोल-दतान द्वारा भजन-प्रवचन प्रस्तुत किया जाएगा। इस मौके पर ग्राम पंचायत घिरघोल के सरपंच विष्णु वैष्णव के सानिध्य में पूर्व विधायक शकुंतला साहू, जिला



पंचायत सदस्य महेन्द्र मोनू साहू, जनपद सदस्य चन्द्रप्रभा साहू, वरिष्ठ नागरिक सुकालूराम यदु, दिलीप साहू, मोहन साहू, मदन साहू, पूर्व सरपंच व पत्रकार हेम कुमार साहू, डॉ. राम कुमार साहू गिर्रा, हेमन्त साहू सकरी, शिक्षक एवं कवि पूरन जायसवाल, गायक हेमन्त साहू दतान समेत स्थानीय ग्रामीणों व आसपास के कबीरपंथी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# दिव्यांग लेखापाल नरोत्तम लाल ने दी कर्मठता की मिसाल, 31 को सेवानिवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड सिमगा के शिक्षा विभाग में कार्यरत अस्थि बाधित दिव्यांग लेखापाल नरोत्तम लाल साहू 31 मई 2025 को



सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके जीवन की यात्रा केवल एक कर्मचारी की नहीं, बल्कि साहस, आत्मविश्वास और संघर्ष से भरे प्रेरणास्त्रोत की कहानी है।

दिव्यांग होने के बावजूद नरोत्तम लाल साहू ने कभी अपनी शारीरिक कमजोरी को अपने जीवन में बाधा नहीं बनने दिया, बल्कि उसे ही अपनी सबसे बड़ी ताकत में बदल लिया। उन्होंने यह साबित कर दिया कि अगर संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी कठिनाई रास्ता नहीं रोक सकती।

### संघर्ष से सफलता की ओर

रायपुर से लगे गांव डुंडा में जन्मे साहू ने प्राथमिक शिक्षा गांव में और उच्च शिक्षा रायपुर के कॉलेज में पूरी की। कठिन आर्थिक परिस्थितियों में भी उन्होंने पढ़ाई नहीं छोड़ी और डूंडा से रायपुर तक प्रतिदिन 10 किलोमीटर पैदल चलकर शिक्षा प्राप्त की। इसके साथ ही टाइपिंग परीक्षा पास कर 1986 में धमधा विकासखंड शिक्षा कार्यालय में लिपिक पद पर उनकी नियुक्ति हुई।

### कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल

पूरे सेवाकाल के दौरान नरोत्तम साहू अनुशासन और कार्यनिष्ठा के प्रतीक बने रहे। उन्होंने न केवल नियमित उपस्थिति दर्ज की, बल्कि तीन बार पैर में फ्रेक्चर और ऑपरेशन के बावजूद जल्द ही ड्यूटी ज्वाइन किया। उनका यह समर्पण आज के कर्मचारियों के लिए भी एक प्रेरणा है।

### स्वस्थ जीवनशैली का अनुकरणीय उदाहरण

15 वर्ष की आयु से शुरू की गई दैनिक 10 किलोमीटर पैदल यात्रा उन्होंने आज तक नहीं छोड़ी। यह जीवनशैली न केवल उन्हें स्वस्थ रखती रही, बल्कि आत्मबल को भी बनाए रखने में सहायक रही।नरोत्तम लाल साहू जैसे व्यक्तित्व समाज को यह सिखाते हैं कि दिव्यांगता कोई रुकावट नहीं, बल्कि आत्मबल से जीती जा सकने वाली परिस्थिति है। उनका सेवाकाल और जीवनशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है।

**ग्राम मोहरा में भागवत कथा का तीसरा दिन**

# संस्कार दिए बिना सुविधाए देना पतन का कारण: पं. नंदकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन



समीपस्थ ग्राम मोहरा में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को आचार्य पंडित नंदकुमार शर्मा निनवा वाले ने कहा कि आज के परिवेश और परिस्थितियों को देखते हुए अपनी सन्तान को अच्छे संस्कार और अच्छी परवरिश देना अत्यंत आवश्यक है। सबसे बड़े धनवान वहीं माता पिता हैं जिनकी सन्तान सुयोग्य और संस्कारी है। उन्होंने कहा कि सन्तान को सुविधाएं देने के साथ साथ संस्कार देना भी आवश्यक है।

आचार्य ने राजा बेन की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि राजा अंग का पुत्र बेन हुआ जो चार साल की उम्र ही बड़ा अत्याचारी और दुराचारी बन गया है। एकलौता पुत्र जानकर राजा अंग अपने पुत्र बेन को अधिक प्रेम प्यार देने लगा, लेकिन संस्कार नहीं दे पाए। जिसके कारण बेन बड़ा ही अत्याचारी हो गया। संतों के अपमान करने के कारण उन्होंने श्राप देकर मृत्युदंड दे दिया।



आचार्य श्री ने कहा कि संस्कार देने से सन्तान मे अच्छे गुणो का विकास होता है। अनुशासन और ज़िम्मेदारी की भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि सन्तान को संस्कार दिए बिना सुविधा देना पतन का कारण है। संस्कार और सुविधाएं दोनों ही जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनके बीच एक संतुलन का होना भी जरूरी है। यदि हम अपने बच्चों को केवल सुविधाएं देते है तो वे जीवन मे असफल हो सकते हैं। परंतु बच्चों को अच्छे संस्कार देते है तो वे जीवन के हर चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहेंगे। आगे आचार्य ने अजामिल की कथा मे बताया में कि अजामिल ब्राह्मण कुसंगति में आकर मदिरापान करके अपने जीवन को बर्बाद कर दिया। अनेक प्रकार के पाप कर्म और दुष्कर्म मे लिप्त होता गया। आचार्य शर्मा ने कहा कि मदिरा व्यक्ति के जीवन को नरक बना देती है। मदिरा के कारण व्यक्ति का धन, दौलत शरीर, मान सम्मान और चरित्र सब कुछ चला जाता है।

### बच्चों का नाम देवी- देवताओं के नाम पर रखें

आचार्य शर्मा ने कहा कि माता पिता का कर्तव्य होना चाहिए कि अपने बच्चों का नाम देवी देवताओं के नाम पर रखे। व्यक्ति जैसी संगति में बैठता है, जैसे लोगों से मित्रता करता है, वह भी वैसा ही बन जाता है। अच्छे व्यक्ति की संगति पारस मणि की भाँति होती है,यदि व्यक्ति स्वार्थ की भावना को त्याग कर हमेशा परमार्थ भाव से जीवन यापन करे तो निश्चित रूप से वह एक अच्छा इंसान है। परमार्थ की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है। व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्याग करके विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया. अपने विचारों पर पैनी नजर रखते हुए बुरे विचारों को अच्छे विचारों से जीतते हुए अपने मानव जीवन को सुखमय एवं आनंद मय बनाना चाहिए। मानव जीवन सभी प्राणियों में श्रेष्ठ है। भगवान की कृपा होने पर ही मानव जीवन प्राप्त होता है। मनुष्य अपने कर्म फल को श्रेष्ठ बनाकर देवता भी बन सकता है। आचार्य जी ने कहा कि जब मनुष्य जीवन मे स्वार्थ आता है तो वह केवल अपने लाभ और स्वार्थ पूर्ति के बारे मे ही सोचता है. दूसरे को हानि पहुंचा कर भी स्वार्थ पूरा करने मे लगा रहता है. । कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ बढ़ती जा रही है।

